तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 24 मार्च 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
पांच सौ ज्योति कलश से रोशन हो रहा खुटरीगढ़ का महामाया मंदिर



## खबर संक्षेप

### कक्षा 12वीं का हिंदी का पेपर हुआ निरस्त

**कोरबा।** छग में पेपर लीक मामले में माशिमं ने बड़ा निर्णय लिया है। 12वीं के हिंदी विषय की परीक्षा को निरस्त कर दिया गया है। यह निर्णय छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंण्डल ने लिया है। अब यह परीक्षा नये समय सारणी के आधार पर होगी। 14 मार्च को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंण्डल के द्वारा 12वीं की हिंदी विषय की बोर्ड परीक्षा संपन्न कराई गई थी। 15 मार्च की शाम पांच बजे छात्रों के व्हाट्सएप ग्रुप पर दावा किया गया कि 13 मार्च को हिन्दी विषय का प्रश्न पत्र पर्चा लीक किया गया था। व्हाट्सएप ग्रुप में दावा किया गया था कि हिन्दी विषय के बी-सेट प्रश्नपत्र के प्रश्न और 14 मार्च को हुई परीक्षा के प्रश्न पत्र के समान ही थे। वायरल चैट को लेकर छात्र संगठनों ने जमकर विरोध किया था। छात्रों ने प्रदर्शन करते हुए मामले में एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष जांच की मांग भी की थी। विरोध बढ़ता देख पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच के लिए टीम गठित की है। पेपर लीक प्रकरण की जांच अभी जारी है। इसी बीच माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 12वीं हिंदी पेपर की परीक्षा को निरस्त कर पुनः 10 अप्रैल को परीक्षा कराने का आदेश दिया गया है।

### जनदर्शन में सुनी गई आमजनो की समस्याएं

**कोरबा।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने आम नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुना। दूरस्थ एवं शहरी क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। जनदर्शन के दौरान कुल 78 आवेदन प्राप्त हुए।

### वन विभाग ने शुरू की संग्रहण कराने की कार्रवाई

# कोरबा वन मंडल का लेमरु तो कटघोरा में मोरगा का हरा सोना बिका सबसे ज्यादा दाम में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोरबा और कटघोरा मंडल में मई के महीने में तेंदूपत्ता का संग्रहण कार्य शुरू किया जाना है इसके लिए वन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है तो वहीं दूसरी ओर जिले के जंगल में मिलने वाले तेंदूपत्ता की लगभग नीलामी पूरी हो चुकी है। इस बार छग के स्थानीय

**खास बात**

- लेमरू, ठाकुरखेता 10 हजार 624 तो मोरगा और मदनपुर समिति में 11 हजार 609 रुपए मानक बोरा के दर पर हुई खरीदी

ठेकेदारों ने ही पत्तों को खरीदने में बाजी मारी है। कोरबा मंडल में सबसे ऊंचे दामों में लेमरु और ठाकुरखेता क्षेत्र के पत्तों को ठेकेदारों ने खरीदा है। जबकि कटघोरा वन मंडल में भी मोरगा और मदनपुर समिति के तेंदूपत्ते की सबसे ज्यादा ऊंची बोली लगाई है।

उल्लेखनीय है कि जिले के कोरबा और कटघोरा वन मंडल में हर साल मई के महीने में हजारों की संख्या में आदिवासी परिवारों द्वारा जंगल में जाकर तेंदू पत्ता का संग्रहण किया जाता है। तेंदू पट्टा तोड़कर ग्रामीण मालामाल भी होते हैं लेकिन वहीं दूसरी ओर इससे पहले पत्तों की ऑनलाइन नीलामी की प्रक्रिया संपन्न की जाती है। इस साल भी ऑनलाइन नीलामी की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। जहां देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे ठेकेदारों ने इस ऑनलाइन नीलामी में हिस्सा लिया है लेकिन इस साल सबसे अच्छे पत्ते मिलने वाले कोरबा वन मंडल के लेमरु और ठाकुरखेता को छग के स्थानीय ठेकेदारों ने खरीदने में बाजी मारी है। बताया जाता है कि लेमरु समिति के तेंदू पत्ते को 10 हजार 624 और ठाकुरखेता के समिति के तेंदू पत्ते को भी 10 हजार 624 मानक बोरा की दर से ठेकेदारों ने सबसे ऊंची बोली लगाकर खरीदी की है। इसी तरह कटघोरा वन मंडल में भी मोरगा समिति और मदनपुर समिति दोनों समिति के तेंदूपत को छग के राजनांदगांव के ठेकेदारों ने 11 हजार 609 रुपए मानक बोरे की दर से बोली लगाकर खरीदी की है। दोनों ही समिति को एक ही दर पर खरीदा गया है जबकि अन्य समितियों में भी लगभग खरीदी पूरी हो चुकी है। जबकि अन्य समितियों को सामान्य दरों पर तेंदूपत की खरीदी की गई है। अब वन विभाग द्वारा तेंदू पत्ता संग्रहण कार्य के लिए बुटा कटाई सहित अन्य प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आने वाले अप्रैल के ⏭ शेष पेज 3 पर


तेंदू पत्ता तोड़ती ग्रामीण महिला।

### देश के विभिन्न राज्यों के ठेकेदारों ने खरीदी की है पत्तों की

जिले के कोरबा व कटघोरा मंडल की तेंदू पत्तों की क्वालिटी बहुत अच्छी होती है। यही वजह है कि इन पत्तों को खरीदने के लिए देश के विभिन्न राज्यों से तेंदू पत्ता ठेकेदार ऑनलाइन नीलामी में भाग लेते हैं लेकिन इस बार कोरबा व कटघोरा वन मंडल के ज्यादातर समितियों के तेंदू पत्तों को खरीदने में प्रदेश के ही ठेकेदारों ने मुंह मांगे दरों पर खरीदी की है जिसमें सबसे ज्यादा राजनांदगांव के मेसर्स जेपी टोबैको प्रोडक्ट प्रायवेट लिमिटेड ने पत्तों की खरीदी की है। जबकि कटघोरा वन मंडल में अब तक चार समिति के तेंदू पत्तों की नीलामी नहीं हुई है जिसमें मुड़ापार, बिरदा, हरदीबाजार, दीपका समिति शामिल हैं। यदि इन पत्तों की नीलामी होती है तब तो ठीक है अन्यथा विभाग स्वयं संग्रहण कराएगी। इसी तरह कोरबा वन मंडल में भी ज्यादातर तेंदू पत्तों को खरीदने के लिए दीगर राज्यों के ठेकेदारों ने हाथ आजमाया है जिसमें तेलंगाना के मेसर्स मोह0 अब्दुल एयर जफ्फार रोड ने पत्तों की खरीदी की है। जबकि मध्यप्रदेश, कर्नाटक, पं बंगाल के ठेकेदारों ने कई समितियों के पत्तों को खरीदा है।

# करोड़ों की ठगी का आरोपी भाग रहा था विदेश, पुलिस ने दिल्ली से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक चिट फंड कंपनी का डायरेक्टर का पार्टनर जिसने करोड़ों रुपए की ठगी की घटना को अंजाम दिया था जिसकी पुलिस लंबे समय से तलाश कर रही थी। जब उसका कुछ पता नहीं चला तो जिला पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए लुक आउट नोटिस जारी किया था और इस बीच आरोपी मलेशिया भागने का फिराक में था लेकिन दिल्ली एयरपोर्ट में उसे धरदबोचा गया। जैसे ही जिला पुलिस को इसकी सूचना मिली पुलिस ने उसे दिल्ली से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

**खास बातें**

- पहले पुलिस ने जारी की थी लुक आउट नोटिस
- वर्ष 2016 में दर्री पुलिस ने दर्ज किया था धोखाधड़ी का मामला


आरोपी

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले स्थानीय लोगों ने वर्ष 2016 में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एक चिट फंड कंपनी द्वारा लोगों को सब्जबाग दिखाकर करोड़ों रुपए की ठगी के घटना को अंजाम दिया गया था। इस बीच पुलिस ने प्रार्थी के लिए शिकायत पर लगभग 5 करोड़ 60 लख रुपए की ठगी किए जाने की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। प्रकरण में चिट फंड कंपनी के डायरेक्टर अतुल सिंह का पार्टनर ग्वालियर निवासी राजीव गुप्ता पिता लच्छी राम गुप्ता के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया था। तब से लेकर राजीव गुप्ता लंबे समय से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ जिला पुलिस ने लुक आउट नोटिस जारी किया था। बताया जाता है कि राजीव गुप्ता विगत दिनों दिल्ली एयरपोर्ट से मलेशिया भागने के फिराक में लगा हुआ था जैसे ही वह एयरपोर्ट पहुंचा स्थानीय पुलिस ने उसे धरदबोचा। इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को दी गई। सूचना पाते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले के द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम गठित कर दिल्ली भेजा गया। जहां दर्री थाना प्रभारी आशीष सिंह व उनकी टीम ने दिल्ली से राजीव सिंह को गिरफ्तार कर कोरबा ले आयी है।

# तेज रफ्तार एंबुलेंस ने बाइक सवार को मारी टक्कर, भाई बहन हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

तहसील चौक कटघोरा में सोमवार की दोपहर एक सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार एंबुलेंस ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार युवक और युवती सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों व स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थिति को बिगड़ता देख कटघोरा पुलिस की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और संवेदनशीलता दिखाते हुए भीड़ को नियंत्रित किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जिस एंबुलेंस से हादसा हुआ, उसी के माध्यम से दोनों घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार घायल युवक और युवती कुसमुंडा क्षेत्र की कांग्रेस पार्षद गीता गवेल के पुत्र और पुत्री बताए जा रहे हैं। दोनों को कटघोरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।


हादसे के बाद घटनास्थल पर जुटी भीड़।



## खबर संक्षेप

### पुलिया से टकराकर बाइक सवार की मौत, तीन अन्य युवक घायल



बिश्रामपुर। ग्राम सिलफिली गोंडपारा स्थित मधुवन के पास बीती रात पुलिया से टकराकर एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई है जबकि तीन अन्य युवकों को गंभीर चोट आई है। जानकारी के अनुसार देर रात एक ही बाइक में चारों युवक सवार होकर घर को लौट रहे थे तभी यह हादसा हुआ। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम कनकपुर निवासी 17 वर्षीय हीरासाय पिता हरि प्रसाद अगरिया रविवार को बिश्रामपुर में मजदूरी कार्य करके अपने पड़ोसी बड़कू के साथ वापस घर लौट आया था। यहां पर युवक पुनः अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 एडी 0744 में घर से निकला था जो रात को वापस घर नहीं लौटा। सोमवार की सुबह पड़ोसी बड़कू ने युवक के पिता को सूचना दिया कि हीरासाय अगरिया सिलफिली-लटोरी मुख्य मार्ग पर मधुवन के समीप पुलिया के पास मृत पड़ा हुआ है। सूचना पर परिजन ने पुलिस को सूचना देते हुए मौके पर पहुंचे यहां पर शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द कर मामले में मर्ग कायम किया गया एवं विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया मृतक के परिजन के अनुसार युवक पड़ोसी व अन्य तीन साथियों के साथ लटोरी गया था जहां से पड़ोसी बड़कू तो घर लौट आया लेकिन चारों युवक वहीं रुक गए थे। इसके पश्चात देर रात चारों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे तभी दुर्घटना के शिकार हो गए। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में बाइक सवार हीरा साय की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य सवार युवक करन, सुनील व एक अन्य युवक को गंभीर चोट आने पर जिला अस्पताल सूरजपुर में भर्ती कराया गया है।

### ईंट लोड ट्रैक्टर से टकराई बाइक, सवार की मौत

लखनपुर। नेशनल हाईवे 130 नवापारा के समीप ईंट लोड ट्रैक्टर से बाइक सवार टकरा गया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार मौके पर ही अचेत हो गया। घायल को लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार चरणदास आ. लड्डू दास शादी के बाद पत्नी के साथ घर जमाई के रूप में लगभग 6 वर्ष से ग्राम जजगा में रह रहा था। 22 मार्च की रात अपने ससुर को लेने बाइक से मंदिर गया हुआ था वहीं ससुर के व्यस्त होने के कारण नवापारा की तरफ घूमने चला गया। नवापारा से वापस ग्राम जजगा आते समय रात लगभग 8 बजे नवापारा घाट के समीप नेशनल हाईवे 130 रोड में बिना किसी संकेतक के गलत तरीके से ईंट लोड ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल एंबुलेंस से उपचार हेतु लखनपुर अस्पताल लाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर मामले की जांच में जुटी है।

### छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज विभिन्न बैठकों में करेंगे शिरकत

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जशपुर व सरगुजा जिले के उपरांत 24 मार्च जिले के तीनों विधानसभाओं में पंचायत व बूथ कमेटी तक पहुंचेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष शशि सिंह के नेतृत्व में जिले में व्यापक तैयारियां की जा रही है। 24 मार्च को अंबिकापुर से सूरजपुर जिले में श्री बैज कल्याणपुर, पंपापुर व प्रतापपुर होते हुए प्रतापपुर विधानसभा के खोरमा में बूथ व पंचायत कमेटियों की बैठक में शिरकत करेंगे। इसके उपरांत जरही, भटगांव व बतरा होते हुए भटगांव विधानसभा के बरपारा में आयोजित बैठक में शामिल होंगे। बिश्रामपुर होते हुए सूरजपुर जिला मुख्यालय में स्थानीय सेवा कुंज में शाम आहूत कार्यकर्ताओं से भेट-मुलाकात कार्यक्रम में जिले के अन्य क्षेत्रों से आए पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

### रेहर-गायत्री-केतकी भूमिगत खदान में वर्षों से कार्यरत 32 कोल कर्मचारियों का प्रमोशन

**बिश्रामपुर।** रेहर भूमिगत खदान में वर्षों से मेहनत कर रहे दैनिक वेतनभोगी कोल कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर है, एसईसीएल प्रबंधन ने 32 कोल कर्मचारियों के लिए पदोन्नति आदेश जारी किया गया है। 22 मार्च को जारी हुए निर्णय एनसीडब्ल्यूए-11 की कंडिका 2.11.1 के तहत लिया गया है, जिसके अनुसार लंबे समय से एक ही पद श्रेणी में कार्यरत कर्मचारियों को निर्धारित अवधि के बाद पदोन्नति का लाभ दिया जाता है। रेहर, गायत्री और केतकी सहक्षेत्र में कार्यरत ये सभी कोल कर्मचारी पिछले 7-8 वर्षों से भूमिगत और सरफेस दोनों क्षेत्रों में लगातार सेवाएं दे रहे थे।जारी आदेश के अनुसार सभी कर्मचारियों की पदोन्नति 1 जनवरी 2026 से प्रभावी मानी गई है,इसमें ड्रिलर, बीसीएम, सपोर्ट मिस्त्री, जनरल असिस्टेंट, इलेक्ट्रिकल हेल्पर, मैकेनिकल हेल्पर और सर्वे मजदूर जैसे विभिन्न पदों पर कार्यरत कर्मियों को अगली श्रेणी में उन्नयन दिया गया है।

# सर्व समाज के लोगों के साथ-साथ श्रीवास नाई समाज का भी अहम योगदान : लखनलाल

## अंजनी कुंज में नवनिर्मित डोम का उद्योग मंत्री व महापौर ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**अलग खबर**

हमारे कोरबा ने एक छोटे से ग्राम पंचायत से आगे बढ़कर जिला एवं ऊर्जा नगरी बनने तक का सफर तय किया है तथा कोरबा का तेजी से विकास हुआ है। कोरबा के विकास में यहां रह रहे सर्व समाज के लोगों के साथ-साथ श्रीवास नाई समाज का भी अहम योगदान व महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अगुवाई में राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के हितों की सुरक्षा के लिए लगातार कार्य कर रही है।

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने बुधवारी बाई पास रोड पर स्थित अंजनीकुंज में नवनिर्मित डोम का लोकार्पण के दौरान कही। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि गरीब, निर्धन, किसान, मजदूर, युवा वर्ग व महिला सभी के लिए योजनाएं संचालित हो रही है तथा इन योजनाओं से प्रदेश के लाखों, करोड़ो लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है तथा प्रदेश लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। नगर निगम द्वारा वार्ड क्र 28 बुधवारी बाईपास स्थित अंजनीकुंज श्रीवास नाई समाज भवन परिसर में 30 लाख रुपए की लागत से डोम शेड का निर्माण कराया गया है। उद्योग मंत्री और महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने लोकार्पण पट्टिका का अनावरण किया तथा फीता काटकर उक्त नवनिर्मित डोम को लोकार्पित किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगर निगम कोरबा निगम क्षेत्र के विकास के साथ साथ जनसुविधाओं पर विशेष फोकस रखकर कार्य कर रहा है, एक ओर जहाँ वार्ड व बस्तियों में निरंतर विकास कार्य हो रहे है,मूलभूत सुविधाओं में बेहतरी लायी जा रही है, वही दूसरी ओर सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों पर भी लगातार कार्य हो रहे हैं। इस अवसर पर नरेंद्र देवांगन, मोहनलाल श्रीवास, राजेश राठौर, जगदीश श्रीवास, रंगनाथ श्रीवास, शत्रुघ्न श्रीवास, घनश्याम श्रीवास, प्रकाश अग्रवाल, दिनेश वैष्णव, लोकनाथ श्रीवास, मोरध्वज श्रीवास, रश्मि श्रीवास, पवन वर्मा, आकाश अग्रवाल, पुनिराम साहू, करण राज उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- 30 लाख की लागत से किया जाएगा डोम का निर्माण
- समाज के सदस्यों ने जताया आभार




## 1 मई से 30 जून तक चलेगा मकान गणना का काम

# डिजिटल जनगणना : जिले में फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



प्रशिक्षण देते मास्टर ट्रेनर्स।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनगणना-2027 के प्रथम चरण को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए कोरबा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। 23 से 25 मार्च तक चलने वाले इस शिविर में फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना की बारीकियों और तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान रायपुर जनगणना निदेशालय से आए मास्टर ट्रेनर बैद्यनाथ कुमार और जिले के नामित मास्टर ट्रेनर डॉ. विजय शर्मा द्वारा नगरीय प्रभार के सभी ट्रेनर्स को विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

जिला जनगणना अधिकारी ओंकार यादव ने इस अवसर पर उपस्थित प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए आगामी जनगणना की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस बार की जनगणना पूरी तरह से डिजिटल माध्यम से संपन्न होगी, जो इसे पिछली प्रक्रियाओं से अधिक सटीक और आधुनिक बनाएगी। जनगणना-2027 की एक प्रमुख विशेषता स्व-गणना का प्रावधान है। इसके अंतर्गत आम नागरिक स्वयं पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे, जिससे डेटा संकलन की प्रक्रिया अधिक सुगम और पारदर्शी होगी। जिले के विभिन्न नगरीय निकायों नगर पालिक निगम कोरबा, नगर पालिका परिषद दीपका, कटघोरा, बाकी मोंगरा और नगर पंचायत छुरीकला के कुल 22 फील्ड ट्रेनर्स इस प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। ये प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनर्स आगे चलकर मैदानी स्तर पर प्रगणकों और सुपरवाइजरों को विधिवत प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण सत्र में जनगणना-2027 के व्यावहारिक क्रियान्वयन के साथ-साथ विशेष रूप से एचएलओ ऐप के उपयोग और उसके विभिन्न तकनीकी चरणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई ताकि फील्ड स्तर पर डेटा प्रविष्टि में कोई त्रुटि न हो।

### 10 जून तक अधिकारियों-कर्मचारियों की छुट्टियाँ प्रतिबंधित

भारत सरकार गृह मंत्रालय तथा भारत के महापंजीयक के निर्देशानुसार आगामी जनगणना-2027 की तैयारियों को गति देने के लिए जिला कोरबा में प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी, जिला कोरबा के द्वारा आदेश जारी कर स्पष्ट किया गया है कि 1 मई से 30 जून की अवधि में संचालित होने वाली मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की कार्यवाही को समयबद्ध, व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से जिले में अवकाश प्रतिबंध लागू किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार 23 मार्च से 10 जून तक किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को नियत अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। केवल अत्यावश्यक परिस्थितियों में ही कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी की पूर्व अनुमति से अवकाश प्रदान किया जा सकेगा। इस अवधि में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को मुख्यालय त्यागने की अनुमति भी नहीं दी जाएगी। जनगणना कार्य में संलग्न कर्मचारियों को प्रशिक्षण, पर्यवेक्षण तथा फील्ड कार्य की तैयारी के लिए सदैव उपलब्ध रहना होगा।

# चिर्रा-श्यांग सड़क बनने से मिलेगी राहत



मिट्टी डालकर सड़क का किया जा रहा निर्माण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग हजार करोड़ की धनराशि से मजबूती बने हुए डिसि्ट्रक्ट मिनरल्स फाउंडेशन के माध्यम से खनन परियोजना के आसपास और दूर दराज के क्षेत्र में कई प्रकार की आवश्यकताओं को पूरा किया जा रहा है। चिर्रा से श्यांग की बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण डीएमएफ से बनाई जा रही है। इस प्रोजेक्ट पर प्रशासन के द्वारा 9 करोड रुपए की राशि खर्च की जा रही है। 12 किमी की लंबाई वाले इस मार्ग में काफी समय पहले डीबीएम कराया गया था। कालांतर में किसी प्रकार का सुधार न होने से स्थिति बदहॉल हो गई और लोग मुश्किल में पड़ गए।

जिला प्रशासन ने डिस्टिक मिनरल फाऊंडेशन से सड़क का निर्माण प्रारंभ कराया है। कहा जा रहा है कि निर्माण होने के बाद इस रास्ते पर आवागमन सहज होगा और लोगों को राहत मिलेगी लेकिन वर्तमान में कई प्रकार की परेशानियां है। स्थानीय लोगों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के नियंत्रण में इस काम को कराया जा रहा है लेकिन निर्माण एजेंसी उनकी गतिविधियों पर किसी प्रकार की निगरानी है नहीं। कार्य के दौरान धूल के गुब्बार को रोकने पानी का छिड़काव नहीं कराया जा रहा है। इसके चलते न केवल आवाजाही करने वाले लोग बल्कि आसपास के रिहायशी इलाके का वर्ग दुश्वारियों को झेलने मजबूर है। इसे लेकर लोक निर्माण विभाग को व्यवस्था ठीक करने कहा गया था लेकिन इसके कोई नतीजे नहीं आ सके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सुविधा भले ही जब मिले लेकिन अभी की स्थिति में हो रही समस्याओं का समाधान करने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को उचित कदम उठाने चाहिए।

# बांकीमोंगरा के जंगल साइड में बनेगा साहू समाज का भवन, अध्यक्ष ने कियाभूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

आज का दिन केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि उस अटूट भक्ति और शक्ति को नमन करने का दिन है, जिसने भगवान श्री कृष्ण को भी प्रेम के वश में कर दिया था। माता कर्मा का जीवन हमें सिखाता है कि ईश्वर केवल आडंबरों से नहीं, बल्कि सच्ची श्रद्धा और सरल भाव से प्राप्त किए जा सकते हैं। हम सब मिलकर माता कर्मा के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लें, एक ऐसा समाज बनाएं जहाँ सेवा, समर्पण और समरसता हो। माता कर्मा का आशीर्वाद छत्तीसगढ़ की इस पावन धरा और हम सभी पर सदैव बना रहे।

**खास बात**

- माता कर्मा जयंती पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

उक्त बातें नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा श्रीमती सोनी विकास झा ने बांकीमोंगरा क्षेत्र के जंगल साइड स्थित साहू सदन में भक्त माता कर्मा जयंती का पर्व के दौरान कही। उन्होंने समाज के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए क्षेत्र के साहू समाज के लिए एक बड़ी घोषणा करते हुए भव्य भवन का निर्माण कार्य भूमिपूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्षा श्रीमती सोनी झा ने कहा कि किसी भी समाज की एकता और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए एक व्यवस्थित स्थान का होना अनिवार्य है। सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उन्होंने जंगल साइड में पिछले वर्ष साहू समाज के लिए भव्य भवन निर्माण कराने की घोषणा किया था। इस घोषणा के बाद समाज के लोगों में भारी उत्साह देखा गया और उन्होंने करतल ध्वनि से अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। वहीं 22 मार्च को भव्य भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा, विकास झा व अन्य अतिथियों ने माता कर्मा की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना किया। पूजा अर्चना के पश्चात भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया, तत्पश्चात समाज के प्रमुखों द्वारा मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा व विकास झा का पुष्प गुच्छ व महामाला से भव्य स्वागत किया गया।




कार्यक्रम में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी झा व अन्य।

## कोयला पेंशन के त्वरित संशोधन के लिए प्रधानमंत्री से की मांग

**कोरबा।** 75 सदस्यों के एक प्रतिष्ठित समूह ने, जिसमें कोल इंडिया लिमिटेड और सिंगारेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन, सीएमडी और डायरेक्टर शामिल हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है। इस अपील में कोयला पेंशन में तत्काल और सार्थक सुधार करने का आग्रह किया गया है। यह अपील ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कोल एग्जीक्यूटिव्स (एआईएसीई) की कार्यकारी समिति के सदस्य श्री ओंकार सिंह के सक्रिय प्रयासों से इस विशिष्ट समूह की ओर से इसे स्वयं जमा किया। लगभग 5 लाख सेवानिवृत्त कोयला कर्मचारियों को प्रभावित करने वाले एक लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे को उजागर करती है। इन कर्मचारियों की पेंशन- जो सेवानिवृत्ति के समय तय की गई थी- महंगाई या बढ़ती जीवन-यापन की लागत से बिना किसी जुड़ाव के, जस की तस बनी हुई है।

पूर्व वरिष्ठ नेतृत्व ने इस बात पर जोर दिया कि भारत का कोयला क्षेत्र जो देश की 55 प्रतिशत से अधिक वाणिज्यिक ऊर्जा आवश्यकताओं में योगदान देता है- दशकों की समर्पित सेवा और अत्यंत खतरनाक तथा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में किए गए कार्यों के माध्यम से निर्मित हुआ है। उन्होंने बताया कि इन योगदानों के कारण ही यह क्षेत्र राष्ट्रीय खजाने के लिए प्रति वर्ष 70 हजार करोड़ से अधिक की राशि उत्पन्न करने में सक्षम हो पाया है। भारत में कोयला उद्योग, देश की प्राथमिक ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में एक अद्वितीय और महत्वपूर्ण स्थान रखता है। अन्य उद्योगों के विपरीत, इसकी निरंतरता काफी हद तक, अतीत में इसके कर्मचारियों द्वारा किए गए वैज्ञानिक खनन और संरक्षण कार्यों पर निर्भर करती है।

## एल्युमिनियम एम्पलाइज यूनियन एटक बालको का सम्मेलन संपन्न

कोरबा। पूर्व में लिए गए निर्णय अनुसार एल्युमिनियम एम्पलाइज यूनियन (एटक) का 52 वां वार्षिक सम्मेलन स्ताक भवन एटक कार्यालय बालकों में रविवार को संपन्न हुआ। सर्वप्रथम राज्य एटक के सचिव कामरेड एम एल रजक के द्वारा झंडा तोलन किया गया। तत्पश्चात अध्यक्ष मंडली के नाम की घोषणा हुई अध्यक्ष मंडली में कामरेड एसके सिंह , धर्मेंद्र तिवारी ,कामरेड एच एन सिंह कामरेड एम एल रजक शामिल हुए। अध्यक्ष मंडली का स्वागत पुष्प गुच्छो से किया गया ,अध्यक्ष मंडली ने सम्मेलन के कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए यूनियन के महासचिव सुनील सिंह के द्वारा प्रतिवेदन कार्यकारिणी के समक्ष रखा इस प्रतिवेदन में वर्ष 2025 में मजदूर हित में किए गए कार्य यूनियन को मजबूत करने के लिए अपनी बात रखी और आने वाले समय में कुछ मांगों को लेकर आंदोलन में जाने का प्रस्ताव रखा इस पर सभी लोगों ने इस प्रतिवेदन पर सहमति दिए और सभी ने प्रतिवेदन पर अपना विचार रखते हुए और मजदूरों के शोषण के खिलाफ वेतन, सामाजिक सुरक्षा को लेकर सभी ने एकता के साथ संघर्ष करने की बात कही और यह भी कहा कि



आज बालको कारखाना में ठेका कर्मचारियों को जो कुछ भी मिल रहा है वह सब एटक की देन है और सर्वसम्मति से सम्मेलन के अंत में पदाधिकारीयों का चयन हुआ जिसमें बालको एटक के महासचिव के पद के लिए पुनः सुनील सिंह को चुना गया अध्यक्ष के लिए हरिनाथ सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष के लिए एस के सिंह, उपाध्यक्ष एम एल रजक, धर्मेंद्र तिवारी, पी.के. वर्मा, संतोषी बरेठ, सहायक महासचिव धर्मेंद्र सिंह, नरसिम्हा राव, सचिव अभिषेक मिश्रा मनीष नाग, अविनाश सिंह, रामायण यादव, संगठन मंत्री अनूप सिंह, कोषाध्यक्ष ताराचंद कश्यप, आमंत्रित सदस्य आलेख मल्लिक,

## चुईया में एचटीपीएस ने स्वास्थ्य जागरुकता शिविर

# स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों ने रोगों से बचाव के दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कोरबा पश्चिम की ओर से ग्राम चुईया में स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके. गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम चुईया के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को धन्यवाद देते हुए कहा कि मुझे उम्मीद है कि विशेषज्ञ डॉक्टरों ने स्वास्थ्य संबंधी जो नुस्खे बताएं हैं, उसे आप सबने बड़े ध्यान से सुना होगा और अपने जीवन को स्वस्थ रखने के लिए आप इन विशेषज्ञ सलाहों का पालन करेंगे।

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के समीपस्थ गांवों में स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन कर रहा है। यह कार्यक्रम श्रृंखला छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी की नई परियोजना 2x660 मेगावाट संयंत्र की निगमित पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के हिस्से हैं। जनरेशन कंपनी, विद्युत संयंत्र के समीपस्थ 11 गांवों में सीईआर के कार्यों को जमीनी स्तर पर पहुंचा रही है। शिविर में एनकेएच. हॉस्पिटल, कोरबा के न्यूरो फिजिशियन डा. मनीष गोयल ने कहा कि किसी को सिर में बार-बार दर्द उठ रहा है तो यह रक्तचाप बढ़ने की वजह से हो सकता है। अगर सिर में एक तरफ दर्द उठे तो वह माइग्रेन हो सकता है। पीड़ितों को मेडिकल स्टोर से सीधे दवा लेकर सेवन करना उचित नहीं है। इसके लिए चिकित्सक से मिलकर परामर्श लेना उचित रहेगा। डा. मनीष गोयल ने कहा कि नसों में दर्द, झुनझुनी नस संबंधी समस्या हो सकती है। हाथ-पैर में जलन की समस्या मधुमेह की वजह से हो सकती है। आजकल मोबाइल पर स्क्रीनटाइम बढ़ने से अनिद्रा की शिकायत होती है। अतः सोने से दो घंटे पहले मोबाइल का उपयोग बंद कर दें। पैरालिसिस स्ट्रोक के केस में लक्षणों के पता चलने पर चार घंटे के भीतर उसे इंजेक्शन देकर असर को रिवर्स किया जा सकता है। इसलिए तुरंत अस्पताल जाकर पैरालिसिस का उपचार कराएं। एनकेएच. हास्पिटल के त्वचारोग विशेषज्ञ डा. जय बावने ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि त्वचा की सही देखभाल के लिए खानपान अच्छा रखें। अपने सिर के बालों को बचाने के लिए भोजन में प्रोटीन बढ़ाएं, हरी सब्जियां, फल खाएंगे तो आपके बाल अच्छे काले रहेंगे। सफेद दाग जैसे त्वचारोग के लिए चिकित्सकों को दिखाने से मत घबराइए। यह आसानी से ठीक किया जा सकता है। बाकि 99 प्रतिशत त्वचा की बीमारियां आसपास एवं स्वयं की साफ-सफाई एवं अच्छे खानपान से ठीक किया जा सकता है।




स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करते हुए अतिथि।

## एसपी ने किया स्थल का निरीक्षण

**कोरबा।** ग्राम ढपढप में आगामी धार्मिक आयोजन को लेकर माहौल पूरी तरह भक्तिमय होता जा रहा है। कथा स्थल पर इन दिनों व्यापक स्तर पर तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं और पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक उत्साह से सराबोर नजर आ रहा है। विशाल एवं आकर्षक पंडाल का निर्माण तेजी से अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है। आयोजन स्थल पर साज-सज्जा, मंच निर्माण, विद्युत व्यवस्था, पेयजल एवं श्रद्धालुओं के बैठने की समुचित व्यवस्था की जा रही है। दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हर छोटे-बड़े पहलू पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार 28 मार्च से 1 अप्रैल तक आयोजित होने वाली दिव्य श्री हनुमंत कथा को लेकर पूरे क्षेत्र में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### आरक्षकों को थानादार ने दी विदाई

**कटघोरा।** सिद्धार्थ तिवारी द्वारा जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ आरक्षकों का स्थानांतरण किया गया, जिसके तहत कटघोरा थाना से लगभग 9 आरक्षकों को अन्य थानों में भेजा गया। रविवार की शाम कटघोरा थाना परिसर में एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने सभी आरक्षकों को पुष्पगुच्छ भेंट कर विदाई दी। स्थानांतरित होने वालों में आरक्षक रमेश कश्यप, विवेक जोशी, मनीष कुमार साहू, दुबराज सिंह, राजेंद्र कंवर, राजकुमार राज, सुखदेव मुंडा, अनीता जगत, ओमप्रकाश कंवर एवं प्रदीप यादव शामिल हैं।

### छिंदपुर में तालाब सौंदर्यीकरण के लिए विधायक ने किया भूमिपूजन



**हरदीबाजार।** कटघोरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत छिन्दपुर में तालाब का सौंदरीकरण के लिए सरपंच सहित ग्रामवासियों के द्वारा विधायक प्रेमचंद पटेल से मांग किया गया था जो कि विधायक पटेल के द्वारा मांग पर सी.एस.आर मद से 42 लाख रुपये की लागत से होने वाले तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। श्री पटेल ने कहा कि यह महत्वपूर्ण कार्य न केवल ग्राम की सुंदरता को बढ़ाएगा, बल्कि जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन एवं ग्रामीणों की आवश्यकताओं की पूर्ति में भी अहम भूमिका निभाएगा,तालाब का सौंदर्यीकरण होने से जल स्तर में सुधार होगा, साथ ही स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित जल स्त्रोत उपलब्ध हो सकेगा। यह पहल क्षेत्र के समग्र विकास एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है,इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति एवं सदस्य विनोद यादव, मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमार राठौर, सरपंच श्रीमती सकुंती प्रताप कंवर, महामंत्री हेमन्त तिवारी, हुलेश राठौर,शंकर यादव, कृष्णनंद राठौर,तेरश श्रीवास, गजानंद राठौर एवं मन्नु राठौर सहित गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### तामेश्वर का नवोदय विद्यालय में चयन



**हरदीबाजार।** सिरली निवासी मनीराम पटेल का पुत्र तामेश्वर पटेल का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ, तामेश्वर सिरली के ज्ञानोदय शिशु मंदिर अध्ययनरत था। नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में ओबीसी वर्ग से 5 वां रेंक हासिल कर विधालय,गांव गुरुजनों व माता पिता का नाम रोशन किया। उसके इस सफलता के लिए विघालय परिवार ने शुभकामनाएं दी हैं।

### सेंट जेवियर्स स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी 250 नन्हें विद्यार्थियों का सम्मान

**कोरबा।** सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल में सोमवार को ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:30 बजे हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में अदानी कोरबा पावर लिमिटेड के प्लांट हेड मुला रवि उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में जीएम अखिलेश सिंह एवं एचआर विभाग से किशोर कुमार सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन प्रमोद झा, प्रबंधक डॉ. डी. के. आनंद, प्रभारी प्राचार्या रीता मुखर्जी, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत गुरुवंदना से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। इसके बाद दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नर्सरी, पीपी-1 एवं पीपी-2 के लगभग 250 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

## निधन

### हरिप्रसाद डिक्सेना



**कोरबा।** नगर पंचायत पाली के वार्ड क्रमांक 2 निवासी हरिप्रसाद डिक्सेना का 23 मार्च की शाम 5 बजे आकस्मिक स्वर्गवास हो गया है। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कोरबा वन मंडल...

महीने में तेंदू पत्ता में कोपल निकलना शुरू हो जाएंगे और मई के पहले सप्ताह में तेजी से तेंदू पत्ता संग्रहण कार्य शुरू हो जाएगा। कोरबा वन मंडल में 34 समितियों के माध्यम से तेंदू पत्तों की खरीदी की जाएगी। जबकि कटघोरा वन मंडल के 44 समितियों के माध्यम से तेंदू पत्ता खरीदा जाएगा।

# कला और करुणा का ऐतिहासिक संगमः मैं अनिकेत हूँ नाटक ने कोरबा में रचा कीर्तिमान

## रोटरी क्लब एवं महाराष्ट्र मंडल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

औद्योगिक नगरी कोरबा के सांस्कृतिक इतिहास में 21 मार्च की शाम एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गई। रोटरी क्लब कोरबा एवं महाराष्ट्र मंडल कोरबा के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय राजीव गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित चर्चित नाटक मैं अनिकेत हूँ ने हाउसफुल दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज सेवा के बड़े उद्देश्य से जुड़ा हुआ था। कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य कला के पुनरुत्थान के साथ-साथ चैरिटी के माध्यम से निर्धन एवं प्रतिभावान बच्चों की उच्च शिक्षा हेतु सहयोग राशि जुटाना रहा। उल्लेखनीय है कि पूरे 80 मिनट तक दर्शक पिन-ड्रॉप साइलेंस में बैठे रहे, जो नाटक की प्रभावशीलता और कलाकारों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण है। कार्यक्रम में शहर की अनेक प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ा दिया। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. राजीव सिंह, राम सिंह अग्रवाल, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, सूर्यनारायण केसरी, बालको के सीएमओ विवेक सिन्हा एवं डीएसपीएम के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर संजीव कंसल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत रोटरी क्लब के अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर पारस जैन के स्वागत उद्बोधन से हुई, जिसमें सेवा में साथ के संकल्प को दोहराया गया। महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष श्री हेमंत माहुलीकर ने मंडल की गतिविधियों और इस आयोजन के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला।

**खास बात**

- निर्धन प्रतिभावान बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए जुटाई गई सहयोग राशि




## चैत्र नवरात्र में उमड़ रही भक्तों की भीड़

# पांच सौ ज्योति कलश से रोशन हो रहा खुटरीगढ़ का महामाया मंदिर



प्रज्जवलित होते मनोकामना ज्योतिकलश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

चैत्र नवरात्र पर्व कटघोरा के खुटरीगढ़ के माँ महामाया मंदिर में आस्थापूर्वक मनाया जा रहा है। यहां विविध धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं और यह श्रृंखला 27 मार्च तक जारी रहेगी। पंचमी के दिन भक्तों की काफी भीड़ इस मंदिर में नज़र आई।

खुटरीगढ़ में तेल और घृत ज्योति कलश की संख्या 5 सौ है जो इस परिसर में श्रद्धालुओं के द्वारा प्रज्वलित कराए गए हैं। लगभग 30 वर्ष पहले इस मंदिर की स्थापना हुई और इसके बाद यहां का विकास हुआ। समय के साथ श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है जो वर्ष के दोनों नवरात्र को खास बनाते हैं। विकासखंड पौड़ी उपरोड़ा के अंतर्गत आने वाले इस गांव में नवरात्र को लेकर आकर्षक साज सज्जा किया गया है। आसपास की मानस मंडलियों के द्वारा प्रतिदिन भजन कीर्तन किया जा रहा है। स्थानीय प्रबंधक ने बताया कि शुरुआती वर्षों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करने की परंपरा ना के बराबर थी लेकिन बाद के वर्षों में इसकी शुरुआत हुई और अब आदर्श संख्या हमारे सामने है। बताया गया कि नवरात्र उत्सव के दौरान कई सेवाभावी लोगों के द्वारा सामाजिक सरोकार दिखाते हुए आवश्यक सहयोग किया जाता है जिससे भंडारे और अन्य कार्यक्रम करने में आसानी होती है। नवरात्र पर्व की सप्तमी और अष्टमी को होने वाली भीड़ को लेकर सुरक्षा प्रबंध हो के लिए पुलिस को अवगत कराया गया है। दोनों नवरात्र क्वांर चैत्र और कार्तिक पूर्णिमा को मेरी विशेष पूजा होगी। इतना सब कह कर माता अदृश्य हो गई रविवार सवेरे जब मैं उसी स्थान पर पहुँचा, जहाँ पर माता की दिव्य प्रतिमा है, माता ने आभाष कराया कि तू सही स्थान पर पहुँच गया है। उसके बाद उत्तम जी ने प्रतिमा के उपर से मिट्टी हटाई और प्रतिमा को स्नानादी कराके दीप जलाया तब से लेकर आज तक वह अखण्ड दीपक जल रहा है और माता महामाया देवी की पूजा पाठ चल रहा है। पुजारी उत्तम कुमार ने बताया कि उनकी पूजा में उनके भाई तिजऊ राम भी दिनभर उनके साथ शामिल रहते हैं।

### अंजली सारथी ने लेटकर पूरी की खुटरीगढ़ तक की यात्रा



नवरात्रि के पावन पर्व पर भक्ति और श्रद्धा की अद्भुत मिसाल देखने को मिली। जेल रोड निवासी अंजली सारथी ने माँ के प्रति अपनी अटूट आस्था व्यक्त करते हुए जेल रोड से माँ महामाया देवी खुटरीगढ़ मंदिर तक लेटकर कठिन यात्रा पूरी की। अटूट श्रद्धा और दृढ़ संकल्प के साथ उन्होंने यह यात्रा पूरी करते हुए खुटरीगढ़ पहुंचकर माँ महामाया देवी के दर्शन किए और क्षेत्र की सुख-समृद्धि व शांति की कामना की। उनकी इस अनूठी भक्ति यात्रा को देखने के लिए रास्ते में अनेक श्रद्धालु एकत्रित हुए और सभी ने उनकी आस्था को नमन किया। इस अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी व मुस्कान ट्रेडर्स के संचालक विजय अग्रवाल ने भी इस भावपूर्ण दृश्य को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की उन्होंने यात्रा कर रही देवी स्वरूप मानते हुए श्रद्धा से प्रणाम किया और उनकी भक्ति की सराहना की निश्चित ही एआज के समय मे माँ की इतनी भक्ति से सेवा करते हुए बहुत कम देखने को मिलता है लेकिन कटघोरा नगर के लिए गर्व का विषय हैकि हमारे नगर में ऐसे माता बहने है जो की इतने कठिन परिश्रम के सांथ माँ की भक्ति आराधना कर रहे हैं। नवरात्रि के पावन अवसर पर अंजली सारथी की यह भक्ति यात्रा नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है और श्रद्धालुओं के लिए आस्था, समर्पण और विश्वास की प्रेरणादायक मिसाल बन गई है।

# शिक्षा व्यवस्था की खुली पोल, उल्लास परीक्षा के दिन शिक्षक रहे नदारद



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित उल्लास नव साक्षरता कार्यक्रम के दावों की हवा पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम भुलेझरिया में निकल गई। रविवार को आयोजित होने वाली इस मूल्यांकन परीक्षा के लिए जहाँ पूरे जिले में तैयारी के निर्देश थे, वहीं भुलेझरिया प्राथमिक शाला में शिक्षक ही नहीं पहुंचे।

प्राथमिक शाला भुलेझरिया को उल्लास मूल्यांकन परीक्षा के लिए केंद्र बनाया गया था। परीक्षा देने के लिए ग्रामीण पहुंचे थे, लेकिन वहां कोई शिक्षक मौजूद नहीं था। चौंकाने वाली बात यह रही कि शिक्षकों ने बच्चों को फोन पर निर्देश देकर स्कूल का ताला खुलवाया था। जब मीडिया की टीम ग्राउंड जीरो पर पहुंची, तो बच्चों ने स्पष्ट किया कि स्कूल में पदस्थ शिक्षक तीजराम पटेल और राजेंद्र सिंह कंवर अनुपस्थित पाए गए। बच्चों ने बताया कि उन्हें सिर्फ स्कूल खोलने का निर्देश दिया गया था, परीक्षा लेने वाला वहां कोई मौजूद नहीं था। गांव के सरपंच और ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है। बीहड़ और दूरस्थ क्षेत्र होने का फायदा उठाकर शिक्षक अक्सर गायब रहते हैं। ग्रामीणों और स्थानीय सरपंच ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि यहाँ पदस्थ शिक्षक तीजराम पटेल जो संकुल प्रभारी भी हैं और राजेंद्र सिंह कंवर अपनी मनमानी पर उतारू हैं। शासन के नियमानुसार संकुल प्रभारियों को कम से कम दो विषयों का अध्यापन कार्य करना अनिवार्य है। ग्रामीणों के अनुसार, तीजराम पटेल केवल संकुल व्यवस्था के नाम पर तुमान में ही जमे रहते हैं और कभी स्कूल नहीं आते। स्कूल पूरी तरह से भगवान भरोसे या कभी-कभार आने वाले एक शिक्षक के सहारे चल रहा है। बीईओ ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए हैं। अधिकारियों ने संकुल प्रभारियों से जवाब-तलब करने और दोषी शिक्षकों पर कार्रवाई करने की बात कही है।

# ओपन स्कूल परीक्षा केंद्र में अब तक नहीं बने एक भी नकल प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के 9 परीक्षा केंद्रों में चल रही ओपन स्कूल परीक्षा में अब तक एक भी प्रकरण उड़नदस्ता टीम के द्वारा नहीं तैयार किया गया है। सोमवार को परीक्षा केंद्र फरसवानी में गर्मी के मौसम में भी खिड़कियां बंद थी और परीक्षार्थी अंदर परीक्षा दे रहे थे। इससे भी परीक्षा के संचालन में सवाल खड़े होते हैं। फरसवानी में 1697 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। पूर्व से ही यह परीक्षा केंद्र चर्चा में रहा है और इस वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या ने इसे सवालों के घेरे में लाकर खड़ा कर दिया है।

ओपन स्कूल परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को शहर की अपेक्षा ग्रामीण अंचल के परीक्षा केंद्र ज्यादा पसंदीदा रहे। यही कारण है कि जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूर और इतनी ही दूर फरसवानी और नोनबिर्रा में परीक्षा दिलाने वाले छात्र छात्राओं की संख्या 1 हजार से ऊपर है। नोनबिर्रा में हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी की परीक्षाओं में 1010 परीक्षार्थी वहीं फरसवानी में हाईस्कूल हायर सेकेण्डरी को मिलाकर कुल 1697 परीक्षार्थी परीक्षा दिला रहे हैं। आखिर इतनी अधिक संख्या में परीक्षा दिलाने वाले छात्रों की संख्या इन दोनों परीक्षा केंद्र मे ही क्यों है। सोमवार को जब फरसवानी परीक्षा केंद्र का अवलोकन किया गया तो वहां परीक्षा केंद्र की खिड़कियां बंद देखी गई जबकि इस समय तेज धूप के साथ गर्मी भी पड़ रही है। ऐसे में खिड़कियां बंद करना सवाल खड़े करते हैं। हालांकि खिड़कियां बंद करने के पीछे बाहर से कोई नकल सामग्री अंदर ना पहुंचा सके इसकी सुरक्षा को देखते हुए कदम उठाया गया होगा।

**खास बातें**

- नोनबिर्रा 1010 और फरसवानी में 1697 परीक्षार्थी दे रहे हैं परीक्षा
- गर्मी के दिनो में परीक्षा केन्द्र की खिड़कियां रहीं बंद



परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी।

### दो दिन लगातार डीईओ व बीईओ ने दी थी दबिश

जिले के नोनबिर्रा और फरसवानी परीक्षा केंद्र में सक्ती, जांजगीर चांपा जिले के छात्र भी परीक्षा दिलाने पहुंचते हैं। फरसवानी परीक्षा केंद्र जांजगीर चांपा जिले के सिवनी गांव से लगा हुआ है। अधिकांश परीक्षार्थी फरसवानी केंद्र में चांपा जांजगीर जिले के भी बताए गए हैं। परीक्षा में नकल रोकने के लिए डीईओ टीपी उपाध्याय और करतला बीईओ संदीप पाण्डेय द्वारा फरसवानी परीक्षा केंद्र में दो दिन लगातार दबिश देकर निगरानी में परीक्षा संपन्न कराया।

### जनप्रतिनिधियों के रिश्तेदार बैठ रहे परीक्षा में

फरसवानी परीक्षा केंद्र में जनप्रतिनिधियों के रिश्तेदार भी परीक्षा दिला रहे हैं। परीक्षा में नकल रोकने को लेकर पूर्व के केंद्राध्यक्ष को बदलकर जिला शिक्षा अधिकारी ने नए केंद्राध्यक्ष को भेजा है। जिनके द्वारा कुछ कड़ाई बरती जा रही है लेकिन जनप्रतिनिधि केंद्राध्यक्ष को बदलने के लिए भी लगातार अधिकारियों पर दबाव बना रहे हैं। इससे जाहिर होता है कि फरसवानी परीक्षा केंद्र में पूर्व में जो होते आया है वह जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में है।

# अधिकारी रहे नदारद बाबुओं के भरोसे लगे शिविर में 30 उपभोक्ताओं ने किया बिजली बिल जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा




शिविर में पहुंचे ग्रामीण।

बढ़े हुए बिजली बिल से आम आदमी को राहत दिलाने के लिए लगाए गए बिजली बिल समाधान शिविर में अधिकारियों के बजाए बाबू ही उपस्थित हो रहे हैं। जिसमें उपभोक्ताओं के बिजली बिल जमा करने का काम किया जा रहा है। रजकम्मा मदनपुर में लगे शिविर में विभाग के अधिकारी नदारत रहे।

रजकमा मदनपुर में शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें पाली के बाबू एवं स्थानीय बिजली स्टाफ उपस्थित थे। जिसमें ग्रामीणों द्वारा बिजली बिल संबंधी 60 आवेदन उपभोक्ताओं द्वारा दिया गया था जिसमें 30 उपभोक्ताओं द्वारा बढ़े हुए बिजली बिल को कम करके भुगतान किया गया जबकि 30 उपभोक्ताओं द्वारा बिल का भुगतान करने के लिए समय मांगा गया है। ज्ञात हो कि क्षेत्र में बिजली बिल की समस्या अघोषित बिजली की कटौती जैसे अनेक समस्याएं विद्यमान हैं। अधिकारी के मौके पर उपस्थित नहीं होने के कारण तमाम समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाता। चैतमा में बिजली कार्यालय एवं सब स्टेशन खुले हुए लंबा अरसा बीत चुका है किंतु यहां पर कनिष्ठ यंत्री की पदस्थापना नहीं हो पाई है ना ही 60 से 70 गांव में बिजली व्यवस्था देखने के लिए पर्याप्त स्टाफ भी नहीं है अधिकारियों का ध्यान इस ओर कई बार आकृष्ट कराया गया किंतु इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिससे आम उपभोक्ताओं की समस्या का निराकरण नहीं हो पाता। अपनी समस्या लेकर उपभोक्ताओं को पाली जाना पड़ता है बिजली की सबसे बड़ी समस्या बिजली बिल का बढ़कर आना है। इस संबंध में विद्युत विभाग के उपयंत्री नारायण प्रसाद सोनी से पूछने पर उन्होंने बताया कि कनिष्ठ यात्री लंबी छुट्टी पर हैं। वहां के प्रभार में जो है वह पाली समाधान शिविर में उपस्थित थे वहां पर एक बाबू और स्थानी लाइनमैन को भेजा गया है।




## कोरबा मार्केट




### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन की तिथि बढ़ी

**कोरबा।** जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं डाइट आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं संस्थान में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो राज्य शासन द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, तथा संस्थाओं के प्राचार्यों/संस्था प्रमुखों, छात्रवृत्ति प्रभारियों को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है, की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा ने बताया कि राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025-26 छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन/पंजीयन (नवीन/नवीनीकरण) हेतु अंतिम तिथि 27 मार्च तक, संस्थाओं द्वारा प्रपोजल लाक कर सहाय आयुक्त आदिवासी विकास को प्रेषित करने की तिथि 29 मार्च , शासकीय संस्था/जिला कार्यालय द्वारा सेन्शन आर्डर लाक करने की तिथि 30 मार्च तक निर्धारित की गई है।



## खबर संक्षेप



### हेल्थ कैंप में 238 लोगों को मिला निःशुल्क उपचार

**कोरबा।** ग्राम बेलाकछार में हेल्पेज इंडिया द्वारा बालको सीएसआर के तत्वावधान मे हेल्थ कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। कैंप में शिशु रोग, अस्थि रोग, त्वचा रोग, स्त्री रोग एवं दंत रोग विशेषज्ञों के साथ जनरल मेडिसिन चिकित्सकों की सेवाएं प्रदान की गईं। इसके अलावा लैब जांच और फिजियोथेरेपी की सुविधाएं भी उपलब्ध रहीं। सभी लाभार्थियों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ नेचुरल दवाइयों का वितरण किया गया। इस हेल्थ कैंप में 238 लाभार्थियों ने अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का परामर्श एवं उपचार प्राप्त किया। साथ ही हेल्पेज इंडिया एवं बालकों सीएसआर के सहयोग से वरिष्ठ नागरिकों को वॉकर और स्टिक का भी वितरण किया गया, जिससे उन्हें दैनिक जीवन में सहूलियत मिलेगी। कार्यक्रम में ग्राम के पंच-सरपंच सहित सीएसआर टीम के सदस्य उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से यह स्वास्थ्य शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### रजगामार रोड पर लूटपाट की वारदात पर जन चिंतक मंच ने जताई चिंता



**कोरबा।** कोरबा से रजगामार के रास्ते में आते-जाते राहगीरों के साथ कुछ समय से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा लूटपाट व पथराव की घटना को अंजाम देकर मोबाइल व नगदी रकम की लूट करने का मामला सामने आ रहा है। जिसको लेकर जनचिंतक मंच ने पुलिस द्वारा कड़ी गश्त की मांग की गई है। जनचिंतक मंच के प्रदेश संगठन महा प्रमुख अरुण कुमार सरकार द्वारा रजगामार थाना प्रभारी का ध्यान आकर्षित करते हुए ज्ञापन सौपा है और क्षेत्र के पुलिस से यह मांग की है कि इस तरह की वारदात को रोका जाए ताकि राहगीरों के साथ कोई अप्रिय घटना ना घटे। यह घटना कोरबा से रजगामार आते वक्त इंडो स्पंज से लेकर सर्फिन देवी मंदिर के आसपास घट रही है। इस दौरान में जनचिंतक मंच के पदाधिकारी खिलावन पटेल,यशवंत कुमार, सुरेंद्र साहू विनोद केवट देव खैरवार,धर्मेंद्र साहू नेहरू लाल युगल पुजारी आदि उपस्थित थे।

### ग्राम चुईया में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**कोरबा।** एचटीपीएस कोरबा पश्चिम की ओर से ग्राम चुईया में स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके. गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम चुईया के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को कहा कि मुझे उम्मीद है कि विशेषज्ञ डॉक्टरों ने स्वास्थ्य संबंधी जो नुस्खे बताएं हैं, उसे आप सबने उसे बड़े ध्यान से सुना होगा और अपने जीवन को स्वस्थ रखने के लिए आप इन विशेषज्ञ सलाहों का पालन करेंगे। हसदेव ताप विद्युत गृह, कोरबा पश्चिम के समीपस्थ गांवों में स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन कर रहा है। शिविरों का लाभ ग्राम चुईया की महिलाएं, बच्चे एवं बुजुर्ग सहित कुल 110 ग्रामवासियों ने उठाया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता एसके गोठी, सुमित सिंह, टीपी. सिंह, डॉ. एससी खरे, डॉ. श्वेतांबरी महंता, डॉ. प्रीति पूनम कुजूर, वेदांता अस्पताल के डॉ.दीपक साहू, कार्यपालन अभियंता सुधीर टिकरिहा, मनोज मिश्रा, जनसंपर्क अधिकारी बसंत शाहजीत, स्वास्थ्य विभाग की टीम और अन्य अधिकारी एवं ग्राम के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर में डॉ. मनीष गोयल डॉ. जय बावने, डॉ रेणु कौशिक एवं चिकित्सा सलाहकार डॉ. एससी. खरे ने शिविर में अपना योगदान दिया।

# वन धन विकास केन्द्र डोंगानाला में 18 प्रकार की औषधियों का हो रहा प्रसंस्करण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित कटघोरा वनमण्डल के अंतर्गत वन धन विकास केन्द्र डोंगानाला का निरीक्षण छग राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा ने की। श्री शर्मा ने समूह द्वारा प्रसंस्कृत सर्दी-खांसी चूर्ण, मधुमेह नाशक चूर्ण, आमलकी चूर्ण, पायोकिल चूर्ण, अजमोदादि चूर्ण, केशपाल चूर्ण, अर्जुन त्वक चूर्ण का अवलोकन कराते हुये उसके उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। समूह द्वारा प्रसंस्करण किये जा रहे 18 प्रकार के औषधि का पाम्पलेट को देखते हुये प्रसन्नता व्यक्त की गई एवं पाम्पलेट को अच्छे क्वालिटी का फोल्डर बनाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही परिसर के साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया है

### साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने किया निर्देशित

**खास बात**

- छग राज्य लघु वनोपज संघ उपाध्यक्ष ने वन धन विकास केंद्र डोंगानाला का किया निरीक्षण



और अच्छे से साफ-सफाई पर जोर देने को कहा गया। इसके पश्चात समूह द्वारा भण्डारित समस्त कच्चे औषधि का निरीक्षण कराते हुये क्रय प्रक्रिया के बारे में समूह से जानकारी ली गई। भविष्य में समूह को स्वतंत्र रूप से कार्य करने हेतु संघ स्तर पर नियम बनाये जाएंगे समूह को आश्वसान दिया गया। तत्पश्चात में परिसर में लगे मशीनों का निरीक्षण करते हुये समूह से जानकारी ली गई जिसमें वर्षाकाल में डिसेन्ट ट्रे ड्रायर का उपयोग ज्यादा होना बताया गया। समूह द्वारा पाउडर डिह्यूमिडिफायर एवं पल्वराइजर पैकिंग मशीन के बारे में बतया गया। उपाध्यक्ष महोदय के द्वारा पैकिंग एवं लेबलिंग के बारे में चर्चा किया गया। सीनियर एक्जीक्यूटिव के द्वारा पल्वराइजर मशीन ब्राहमोशिफ्टर मशीन एवं प्रसंस्करण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदाय किया गया। प्रबंध संचालक द्वारा स्टॉक कक्ष में रखे कच्चे औषधि का निरीक्षण कराये जिसमें उपाध्यक्ष महोदय के द्वारा संग्रहण एवं वर्तमान समूह एवं ग्रामीण स्तर में औषधि संग्रहण बढ़ावा देने हेतु कार्य योजना तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। समूह के द्वारा लाभांश में हो रहे विलंब के बारे में चर्चा किया गया।

## राज्य शासन ने एनडीडीबी को सौंपा था काम

# अब तक काम शुरु नहीं कर सकी जिले की 6 दुग्ध सहकारी समितियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में दूध उत्पादन बढ़ाने व ग्रामीण क्षेत्रों के मवेशी पालकों को दूध व्यवसाय से जोड़ने के लिए डेढ़ वर्ष पूर्व पशु धन विभाग और सहकारिता विभाग के द्वारा

**खास बात**

- डेढ़ वर्ष पूर्व पशुधन विकास विभाग ने यिा था 6 समितियों का गठन

जिले में पाली, कोरबा व कटघोरा विकासखंड में 6 सहकारी समितियों का गठन किया गया। जिसकी जिम्मेदारी नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड को सौंपी गई थी। जिसके द्वारा अब तक समितियों को कार्यक्षेत्र में आगे नहीं बढ़ाया जा सका है।

दुग्ध सहकारी समिति गठित करने के पीछे सरकार की मंशा आदिवासी क्षेत्रों के मवेशी पालकों को दुग्ध उत्पादन में आगे बढ़ाना और आर्थिक रुप से सक्षम बनाने की थी। प्रदेश के 6 जिलों में इस योजना के तहत कार्य शुरु किया गया और इसके तहत कोरबा जिले में भी सहकारिता विभाग और पशु विभाग को जिले के सभी विकासखंड में समिति बनाने की जिम्मेदारी दी गई। नवंबर 2024 में जिले में 6 दुग्ध सहकारी समिति गठित हुई इन समितियों के गठन के बाद दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में कार्य कराने के लिए नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड को सौंप दिया गया। जिनके अधिकारी बिलासपुर में बैठते हैं और जिले में महज कभी कभार दौरा कर समितियों की बैठक ले लेते हैं। डेढ़ वर्ष के इस लंबे कार्यकाल मे किसी भी समिति के द्वारा दुग्ध उत्पादन का कार्य शुरु नहीं किया गया है। एक तरह से ये समितियां केवल कागजों में सिमटी है। उनके मैदानी स्तर पर कार्य करने के लिए जिम्मेदारी उठाने वाले एनडीडीबी के अधिकारी केवल बैठकों तक सीमित है।



फाइल फोटो

**कहां कितनी समिति गठित**

| ब्लॉक | गांव |
|---|---|
| कोरबा | कोरकोमा |
| कटघोरा | कोरई |
| करतला | निरंक |
| पोड़ी उपरोड़ा | निरंक |
| पाली | नानबांका, सरईसिंगार, हरदीबाजार, बड़ेबांका |

**एनडीडीबी को जिम्मेदारी दी गई**

''6 दूध सहकारी समितियों का गठन किया गया है। एनडीडीबी को इसकी जिम्मेदारी दी गई है लेकिन अब तक काम शुरु नहीं हुआ है। एनडीडीबी के अधिकारियों को इसके लिए निर्देशित कर दिया गया है।

-एस एन मिश्रा
उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग

**कंपनियां खरीदती हैं दूध**

समितियों के द्वारा डेयरी संचालन के माध्यम से उत्पादित किए गए दूध को सीधे कंपनियां खरीदती इसके लिए एनडीडीबी के द्वारा सभी ब्लाक में अपने एजेंट बैठाए जाते। जिनके माध्यम से कंपनियां समितियों के द्वारा संचालित डेयरी तक पहुंचती और दूध खरीदती। इससे मवेशी पालकों को यह फायदा होता कि उनके दूध गांव में ही खरीदे जाते, बेचने के लिए शहर नहीं आना पड़ता। जैसा कि अभी दूध उत्पादकों को शहर के होटलों व रेस्टोरेंट में अपने दूध बेचने पड़ रहे हैं।

## महिला पंच और पति सहित बच्चों के लापता होने की खबर निकली झूठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करूमौहा निवासी महिला पंच निर्मला मंझवार पति दिलमोहन के परिजनों ने विगत दिनों लिखित में शिकायत की थी कि दोनों पति पत्नी व उनके बच्चे अचानक लापता हो गए थे। मामले की शिकायत पर पुलिस की टीम तत्काल हरकत में आयी और मामले की छानबीन शुरु की तो पता चला कि निर्मला मंझवार अपने पति के साथ जिला जांजगीर चांपा के मालखदौरा अपने निजी काम से गई है। दोनों ने रजगामार चौकी आकर थाना में उपस्थिति दर्ज भी करायी है। चौकी प्रभारी लक्ष्मण खुंटे ने बताया कि लापता होने के भ्रामक जानकारी दी गई है। गांव में सरपंच को लेकर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है और 25 मार्च को मतदान होना है इसी को लेकर भ्रामक जानकारी दी गई थी। महिला पंच अपने पति के साथ आकर थाना में उपस्थिति दर्ज करायी है।



महिला पंच, पति व बच्चे।

## शराब पीने से रोका तो भड़के युवकों ने की सुरक्षाकर्मी से मारपीट

**कोरबा।** पुरानस बस स्टैंड स्थित अनंत इमैजिन सोसाइटी परिसर में उस वक्त सनसनी फैल गई जब कुछ युवकों ने सुरक्षा गार्ड पर ही हमला बोल दिया। बताया जा रहा है कि गार्ड ने परिसर के अंदर शराब पीने से मना किया, जिससे नाराज युवकों ने उस पर जमकर मारपीट कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पहले बहस हुई, फिर देखते ही देखते मामला हिंसा में बदल गया। युवकों ने गार्ड को घेरकर पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया। घायल गार्ड को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते सख्ती नहीं हुई तो इस तरह की घटनाएं और बढ़ सकती हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## गेवरा रोड-रायपुर मेमू, कोरबा-रायपुर पैसेंजर सहित कई ट्रेनें 30 से 11 अप्रैल तक रहेंगी रद्द



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेल मंडल रायपुर से बिलासपुर, कोरबा और रायगढ़ की ओर रोजाना सफर करने वाले हजारों यात्रियों के लिए आने वाले दिन कष्टकारी हो सकते हैं। हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर स्थित अकलतरा स्टेशन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी और यार्ड रिमाडलिंग का काम शुरू होने जा रहा है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा लिए गए इस ट्रैफिक ब्लॉक के कारण 30 मार्च से 11 अप्रैल तक रायपुर से छूटने वाली और रायपुर आने वाली कई महत्वपूर्ण मेमू व पैसेंजर ट्रेनें रद्द रहेंगी। रेलवे प्रशासन के इस निर्णय का सबसे बड़ा असर उन नौकरीपेशा और व्यापारियों पर पड़ेगा जो रायपुर से कोरबा और गेवरा रोड के बीच प्रतिदिन सफर करते हैं। रायपुर-कोरबा और रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर 30 मार्च से 11 अप्रैल तक पूरी तरह रद्द कर दी गई हैं। इसके अलावा बिलासपुर-रायगढ़ और बिलासपुर-कोरबा के बीच चलने वाली मेमू ट्रेनों के पहिये भी 11 दिनों तक थमे रहेंगे। बड़ी संख्या में रद हो रही ट्रेनों को देखते हुए रेलवे ने रायपुर और कोरबा के बीच चलने वाली हसदेव एक्सप्रेस को लेकर विशेष व्यवस्था की है। गाड़ी संख्या 18250, 18249 और 18252, 18251 कोरबा-रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस को 31 मार्च से 11 अप्रैल तक कोरबा और बिलासपुर के बीच पैसेंजर ट्रेन की तरह चलाया जाएगा। इससे रास्ते के छोटे स्टेशनों के यात्रियों को आवागमन में कुछ सहूलियत मिल सकेगी।

**ये गाड़ियां रहेंगी रद्द**

- रायपुर-कोरबा पैसेंजर गाड़ी संख्या 58204 जो 30 मार्च से 10 अप्रैल तक रद्द रहेगी।
- कोरबा-रायपुर पैसेंजर गाड़ी संख्या 58203 जो 31 मार्च से 11 अप्रैल तक रद्द रहेगी।
- रायपुर-गेवरा रोड मेमू गाड़ी संख्या 68746 जो 30 मार्च से 10 अप्रैल तक रद्द।
- गेवरा रोड-रायपुर मेमू गाड़ी संख्या 68745 जो 31 मार्च से 11 अप्रैल तक रद्द।

## धनरास राखड़ बांध से प्रभावित ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम धनरास और उसके आसपास रहने वाले ग्रामीणों ने एनटीपीसी प्रबंधन की वादा खिलाफ फिर से मोर्चा खोलते हुए धनरास राखड़ डेम जा पहुंचे थे और चक्काजाम कर अपनी आवाज बुलंद की है। चक्काजाम की वजह से राखड़ परिवहन में लगे वाहनों की लंबी कतारे लग गई थी। ग्रामीण लंबे समय से प्रबंधन से अपनी मांग करते आ रहे हैं लेकिन प्रबंधन अपनी मांगों पर ध्यान नहीं दे रहा है।

एनटीपीसी कोरबा के धनरास स्थित राखड़ बांध से होने वाले प्रदूषण और वादों की वादाखिलाफी के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोलते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इस आंदोलन के कारण राख परिवहन का मार्ग पूरी तरह ठप हो गया है और बड़ी संख्या में भारी वाहन जहां-तहां फंस गए हैं। ग्रामीणों का जीना दूभर हो चुका है। बांध से उड़ने वाली राख न केवल उनके फेफड़ों में जहर घोल रही है, बल्कि बहकर आने वाली राख ने खेतों और रिहायशी इलाकों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि राखड़ डस्ट से प्रभावित लोगों के लिए क्षतिपूर्ति का प्रावधान है, लेकिन बार-बार के आंदोलनों के बावजूद ग्रामीणों को यह राशि नहीं मिली। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में हुए समझौतों के दौरान घमौटा गांव के समीप वॉटर पंप लगाने और अन्य जनहित कार्यों को प्राथमिकता देने का वचन दिया गया था, जिसे अब तक ठंडे बस्ते में डाल कर रखा गया है। अपनी मांगों को लेकर ग्रामीण लंबे समय से न्याय की गुहार लगा रहे थे, लेकिन सुनवाई न होने पर उन्हें मजबूरन सड़क पर उतरना पड़ा। निश्चितकालीन हड़ताल के चलते राखड़ बांध से होने वाला परिवहन पूरी तरह बाधित है। मार्ग के दोनों ओर ट्रकों की लंबी कतारें लग गई हैं। आंदोलनकारियों का स्पष्ट कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस अमल नहीं होता और क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान नहीं किया जाता, यह प्रदर्शन जारी रहेगा।



चक्काजाम करते हुए ग्रामीण।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से कंपनियों को आवास खाली कराने की मिली स्पष्ट दिशा

# न्यायालय ने माना सेवानिवृत्ति के बाद आवास खाली न करना अनाधिकृत प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भारतीय इस्पात प्राधिकरण (सेल) से जुड़े मामले में दिया गया फैसला देशभर के औद्योगिक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण संकेत लेकर आया है। इस निर्णय ने साफ कर दिया है कि सेवानिवृत्ति के बाद कंपनी आवास खाली ना करना अनधिकृत प्रयास है। साथ ही यह निर्णय रिटायर्ड कर्मचारियों से कंपनी आवास खाली कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

यह निर्णय केवल एक कंपनी तक सीमित नहीं है, बल्कि कोरबा जैसे औद्योगिक क्षेत्रों के लिए भी अत्यंत प्रासंगिक है, जहां भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको), राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) और छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत बोर्ड (सीएसईबी) लंबे समय से आवास खाली नहीं करा पाने की समस्या से जूझ रहे हैं। कोरबा के औद्योगिक टाउनशिप में यह एक आम समस्या रही है कि कई सेवानिवृत्त कर्मचारी समय पर कंपनी द्वारा आवंटित आवास खाली नहीं करते। इससे नए कर्मचारियों के लिए आवास की कमी होती है, संचालन और मानव संसाधन प्रबंधन प्रभावित होता है और कंपनियों पर अतिरिक्त प्रशासनिक तथा कानूनी दबाव बनता है। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि कर्मचारी एक साथ कंपनी का क्वार्टर कब्जे में रखकर ग्रेच्युटी का दावा नहीं कर सकते। अनधिकृत कब्जे की स्थिति में पेनल रेंट वसूलना वैध है साथ ही ग्रेच्युटी भुगतान को आवास खाली करने से जोड़ा जा सकता है। यह निर्णय कोरबा की कंपनियों को एक मजबूत कानूनी आधार देता है, जिससे वे अपनी हाउसिंग पॉलिसी को प्रभावी ढंग से लागू कर सकती हैं। एनटीपीसी, बालको और सीएसईबी इन कंपनियों के टाउनशिप मॉडल में आवास एक महत्वपूर्ण सुविधा है। लेकिन जब रिटायर्ड कर्मचारी समय पर घर खाली नहीं करते, तो नए कर्मचारियों को बाहर रहना पड़ता है, कंपनी की उत्पादकता पर अप्रत्यक्ष असर पड़ता है साथ ही अनुशासन और नीति अनुपालन कमजोर होता है। अब यह फैसला कंपनियों को स्पष्ट संदेश देता है कि वे नियमों का सख्ती से पालन करवा सकती हैं।

**सेल केस में आया फैसला**

सेल केस में आया यह फैसला केवल एक कानूनी जीत नहीं, बल्कि औद्योगिक अनुशासन और संसाधन प्रबंधन के लिए एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक है। कोरबा जैसे क्षेत्रों में, जहां आवासीय सुविधाएं संचालन का अभिन्न हिस्सा हैं, यह निर्णय व्यवस्था और जवाबदेही दोनों को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकता है।

**अपनानी होगी न्यायसंगत प्रक्रिया**

जिले की औद्योगिक क्षेत्र की कंपनियां इस फैसले के आधार पर अपनी हाउसिंग नीतियों की समीक्षा कर सकती हैं। रिटायरमेंट के समय स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर सकती हैं और विवादों को कम करने के लिए पहले से योजना बना सकती हैं। हालांकि कोर्ट ने यह भी संकेत दिया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों पर उचित समय और स्पष्ट संचार देना होगा और पारदर्शी और न्यायसंगत प्रक्रिया अपनानी होगी।

